नवाचार (अभिनव)
Innovation

नवाचार शब्द दो शब्दो से मिलकर बना हुआ है। नव + आचार, नव का अर्थ है नया और आचार का अर्थ है आचरण या परिवर्तन ।

नवाचार = नव + आचार

नवाचार वह परिवर्तन है, जो पूर्व स्थित विधियो और पदार्थ आदि में नवीनता का संचार करता है। नवाचार शब्द अंग्रेजी के इनोवेशन शब्द के इनोवेट शब्द से बना हुआ है। जिसका अर्थ होता है नवीनता लाना या परिवर्तन लाना।

नवाचार का अर्थ किसी उत्पाद, प्रक्रिया या सेवा मे थोड़ा या बहुत बड़ा परिवर्तन लाने से है। नवाचार के अन्तर्गत कुछ नया और उपयोगी तरीका अपनाया जाता है, जैसे - नयी विधि, नयी तकनीक, नयी कार्य पद्धति, नयी सेवा, नया उत्पाद आदि। नवाचार को अर्थतन्त्र का सारथी माना जाता है।

रोजर्स के अनुसार — "नवाचार वह विचार है जिसकी प्रतीति व्यक्ति नवीन विचारो के रूप मे करे।"

> Date ☐ Mon ☐ Tue ☐ Wed ☐ Thu ☐ Fri ☐ Sat ☐ Sun

वारनेट के अनुसार — "नवाचार एक विचार है, व्यवहार है अथवा पदार्थ है जो नवीन है और वर्तमान स्वरूप से गुणात्मक दृष्टि से भिन्न है।"

नवाचार की विशेषताएं (Properties of Innovation) :–

नवाचार की विशेषताएं निम्नलिखित है —

1 - शिक्षा में नवाचार में क्रियाशीलता एवं प्रयोगिकता की प्रवृत्ति उपस्थित होती है।
2 - यह प्रयास पूर्ण किये जाने वाला कार्य है।
3 - नवाचार के द्वारा वर्तमान विधियों और परिस्थितियों में सुधार लाने का प्रयास किया जाता है।
4 - शिक्षा मे नवाचार के माध्यम से नवीनतम तकनीक को विद्यालय मे पहुचाया जाता है।
5 - नवीन शिक्षण तकनीकी के माध्यम से बालक का सर्वांगीण विकास सम्भव होता है।

नवाचार के प्रकार (Types of Innovation)

वर्तमान समय मे अनेको प्रकार के नवाचारो की बात की जाती है। उनमे से कुछ इस प्रकार है—

Scanned with CamScanner

> Date ☐ Mon ☐ Tue ☐ Wed ☐ Thu ☐ Fri ☐ Sat ☐ Sun

- तकनीकी नवाचार
- सेवा नवाचार
- व्यापार मॉडल मे नवाचार
- अभिकल्प (डिजाइन) नवाचार
- सामाजिक नवाचार
- सांस्कृतिक नवाचार
- रणनीति और संरचनात्मक नवाचार

नवाचार का महत्व Importance of Innovation -

नवाचार का महत्व निम्नलिखित बिन्दुओं के द्वारा समझ सकते है —

1 - मूल्य शिक्षा के क्षरण को रोकने के लिए
2 - सम्प्रदायिक सद्भाव बढ़ाना
3 - परिवर्तन के अनुसार शिक्षा प्रणाली
4 - अनेक समस्याओ का समाधान
5 - शिक्षण अधिगम प्रक्रिया की प्रभावशीलता के लिए
6 - ज्ञान का स्थायित्व
7 - शैक्षिक उद्देश्यो की प्राप्ति हेतु
8 - शिक्षण अधिगम सामग्री के प्रयोग के लिए
9 - छात्रो के सर्वांगीण विकास के लिए
10 कौशलो का विकास के लिए
11 - नवीन शिक्षण विधियों के ज्ञान हेतु

Scanned with CamScanner

> Date ☐ Mon ☐ Tue ☐ Wed ☐ Thu ☐ Fri ☐ Sat ☐ Sun

12 - वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास
13 - शिक्षा व्यवस्था मे सुधार के लिए
14 - अनुसंधान के लिए
15 - मनोविज्ञान सिद्धान्तो के प्रयोग के लिए।

Scanned with CamScanner